कर्मचारी भविष्य निधि में नेशनल हेराल्ड समाचारपत्र समूह द्वारा दिया गया अंशदान

3512. **श्री शिवनारायण सरसूनिया :** क्या **संसदीय कार्य तथा श्रम मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नेशनल हेराल्ड समाचारपत्र समूह ने कर्मचारी भविष्य निधि में अपना अंशदान गत कई वर्ष से जमा नहीं किया है और उन की ओर ढ़ाई लाख रुपये से भी अधिक राशि हमेशा बकाया रही है;

(ख) क्या उन के विरुद्ध 22 मार्च, 1977 तक कोई कानूनी कार्यवाही नहीं की गई हैं और न ही उन से विलम्ब से भुगतान करने के लिए कोई राशि ली गई है; और

(ग) यदि हां, तो इस के क्या कारण हैं और इस के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के लिए सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

संसदीय कार्य तथा श्रम मंत्री (श्री रवीन्द्र वर्मा) : कर्मचारी भविष्य निधि प्राधिकारियों ने निम्न प्रकार सूचित किया है :—

(क) समाचारपत्रों के इस वर्ग के दो एकक हैं अर्थात् एसोसिएटेड जनरल्स लि0, लखनऊ तथा नेशनल हेराल्ड, नई दिल्ली। दोनों ही एकक, कर्मचारी भविष्य निधि तथा प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम, 1952 और उस के अधीन बनाई गई योजना के उपबन्धों के अनुपालन में दीर्घकालिक दोषी रहे हैं। कभी कभी तो इन एककों की ओर भविष्य निधि अंशदान की बकाया राशि ढ़ाई लाख रुपये से अधिक हो गई।

(ख) दिल्ली एकक के विरुद्ध अगस्त, 1971 से सितम्बर, 1972 के दौरान, 12 अभियोजन मामले चलाए गए थे। धारा 8 (देय राशियों की वसूली भू-राजस्व के रूप में) तथा धारा 14ख (हर्जाने की वसूली) के अधीन भी इस एकक के विरुद्ध कार्यवाई प्रारम्भ की गई। इस वर्ग के लखनऊ एकक के विरुद्ध भी धारा 14 (अधिनियम तथा उस के अधीन बनाई गई योजनाओं के उपबन्धों के अनुपालन में की कई त्रुटि संबंधी अभियोजन) के अधीन तथा भारतीय दण्ड संहिता की धारा 406/409 (न्यास के धन के दुरुपयोग) के अधीन कार्यवाई प्रारंभ की गई। दोनों ही एककों में अनुपालन की स्थिति अब लगभग अद्यतन है।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

परिवार नियोजन के राज्यवार लक्ष्य

3513. श्री छबिराय अर्गल : क्या **स्वास्थ्य औरपरिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1974, 1975 और 1976 में परिवार नियोजन का राज्यवार कितना लक्ष्य रखा गया था और इन वर्षों में यह लक्ष्य कहां तक पूरे हुए थे; और

(ख) वर्ष 1974, 1975 और 1976 में परिवार नियोजन पर राज्यवार कितना व्यय हुआ ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री राज नारायण) : (क) तीन विवरण, जिन में 1974–75, 1975–76 और 1976–77 के वर्षों की अपेक्षित सूचना दी गई है, विवरण I, II और III में दी गई है। जो सभा पटल पर रखी गयी है। [**ग्रन्थालय में रखा गया। देखिए संख्या एल टी–699/77**]

(ख) एक विवरण जिस में 1974–75, 1975–76 और 1976–77 के वर्षों की अपेक्षित सूचना विवरण IV में दी गई है। जो सभा पटल पर रखी गयी है। [**ग्रन्थालय में रखा गया। देखिए संख्या एल टी–699/77**]।